## एक नजर में

### कृषि एवं राजस्व विभाग की संयुक्त बैठक आयोजित



**रतलाम।** तहसील कार्यालय रतलाम में बुधवार को शहर मीटिंग हॉल में कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग की संयुक्त बैठक आयोजित हुई। बैठक में कृषि विभाग के आर.ए.ई.ओ अधिकारी, राजस्व निरीक्षक तथा पटवारी संयुक्त रूप से उपस्थित थे। बैठक में जिले में हुई अतिवृष्टि एवं पीला मोजेक के कारण हुई फसल नुकसानी पर अपने-अपने क्षेत्र में संयुक्त रूप से सर्वे कर क्षति का आकलन कर उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने, फसल नुकसानी पर नियमानुसार बीमा सहायता राशि की कार्यवाही में सहयोग करने, पटवारियों को अपने-अपने क्षेत्र में गिरदावरी के कार्य को समयावधि में पूर्ण करने एवं कृषक फसल बीमा टोल फ्री नम्बर 1447, वाट्सअप नम्बर 7065514447 तथा क्रॉप इन्सोरेंस ऐप की जानकारी दिये जाने के निर्देश दिए गए। बैठक की अध्यक्षता अनुविभागीय अधिकारी रतलाम शहर श्रीमती आर्ची हरित द्वारा की गई। बैठक में तहसीलदार रतलाम शहर ऋषभ ठाकुर एवं मनोज चौहान, नायब तहसीलदार रतलाम शहर श्रीमती पिंकी साठे उपस्थित थी।

### 12 को होगा "उमंग दिवस" का आयोजन

**रतलाम।** जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया कि उमंग स्कूल हेल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम अंतर्गत जिले के समस्त शा. हाईस्कूल/उ.मा.वि में 12 सितंबर 2025 को उमंग दिवस का आयोजन किया जाएगा। उमंग दिवस का आयोजन उमंग है तो जिन्दगी में रंग है की थीम पर आयोजित होगा। यह दिवस नई ऊर्जा, नई उमंग एवं नए उत्साह सहित स्वर्णिम अवसर को भुनाने का समय है। इस दिवस पर उमंग स्कूल हेल्थ एंड वैलनेस से संबंधित 8 उत्साहवर्धन एवं प्रेरणादायी गतिविधियों का आयोजन होगा। विकासखण्ड स्तरीय निरीक्षण दल विभिन्न विद्यालयों में निरीक्षण भी करेगें।

### मेरा युवा भारत द्वारा फ्लैगशिप योजनाओं पर कार्यशाला का आयोजन

**रतलाम।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत मेरा युवा भारत के तत्वावधान में 9 सितम्बर 2025 को शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, रतलाम में फ्लैगशिप योजनाओं पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कॉलेज के प्राचार्य वाय.के. मिश्रा थे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूकता फैलाना था। सभी वक्ताओं ने युवाओं को केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं-स्किल इंडिया, मुद्रा योजना, स्टैंडअप इंडिया योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, जल जीवन मिशन, आयुष्मान भारत योजना, डिजिटल इंडिया अभियान तथा स्वच्छ भारत मिशन के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साथ ही इन योजनाओं के प्रचार-प्रसार और लाभ उठाने के लिए युवाओं को प्रेरित किया। इस अवसर पर उद्योग विभाग से सहायक प्रबंधक आयुषी बैरागी, स्वास्थ्य विभाग मेनेजर भारती रावत, जिला रोजगार कार्यालय सहायक ग्रेड-3 अनूप खटवानी, आई.टी.आई. रतलाम टीपीओ प्रफुल्ल सोनाकर, पीएनबी मार्केटिंग ऑफिसर सोम्य कुमावत, उच्च शिक्षा विभागजिला संगठक, रासेयो डॉ. एस. एस. मोर्य, उ.प्र. शिक्षा विभाग सहा. प्राध्यापक हितेश सांखला, सामाजिक कार्यकर्ता विजेंद्र सोलंकी उपस्थित थे। कार्यक्रम का आयोजन जिला युवा अधिकारी सौरभ श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

### विश्वकर्मा घाम नेमीनाथ पर भागवत कथा

**रतलाम।** जांगिड़ ब्राह्मण समाज की परम्परा अनुसार, श्री विश्वकर्मा जांगिड़ ब्राह्मण समाज मंदिर, नेमीनाथ नगर रतलाम पर मंगलवार से भीलवाड़ा के प्रसिद्ध भागवताचार्य प्रीतम व्यास गुरु जी द्वारा भागवत कथा का वाचन प्रारंभ किया गया। उक्त जानकारी समाज मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष जनक नागल ने देते हुए बताया कि मंगलवार को सुबह 11 बजे गुरु जी के मार्ग दर्शन में पोथी पूजन कर मंदिर से पैदल चल समारोह निकाला गया। जिसमें समाज सहित क्षेत्र के अनेकों लोग मौजूद रहे। श्री नागल ने बतलाया कि भागवत कथा का समय प्रतिदिन सुबह 11 बजे से 1 बजे तक एवं दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक रहेगा। भागवत कथा का विश्राम 15 सितंबर 25 को शाम 5 बजे होगा। विश्वकर्मा जांगिड़ ब्राह्मण समाज, विश्वकर्मा घाम मंदिर समिति के अध्यक्ष जनक नागल, शांतिलाल चूहैल, राजेश नागल, आयोजक महेश वंडेला, जितेन्द्र बामनिया, धर्मेन्द्र जोपिंग, विष्णु भाणनेचा, नितेश वायवर, पटेल सा आदि विशेष रूप से उपस्थित थे। उक्त जानकारी समाज अध्यक्ष जनक नागल ने दी।

### जलसंसाधन मंत्री आज कालूखेड़ा में, पुण्यतिथि कार्यक्रम में होंगे शामिल

**कालूखेड़ा।** पूर्व मंत्री एव सांसद महेंद्रसिंह कालूखेड़ा की आठवीं पुण्यतिथि 11सितंबर को मनाई जाएगी। मध्यप्रदेश शासन के जलसंसाधन मंत्री तुलसी सिलावट सुबह 11 बजे हिंगलाज माता चौराहा पर स्थित कालूखेड़ा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेगे। साथ ही सभा को संबोधित भी करेंगे। उसके पश्चात रक्त दान शिविर में प्रमाण पत्र वितरित कर कालूखेड़ा के निज निवास पर स्वल्पाहार कर इंदौर के लिए रवाना होंगे। इस कार्यक्रम में मंत्री चैतन्य कश्यप, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य केके सिंह कालूखेड़ा, सांसद सुधीर गुप्ता, विधायक राजेंद्र पांडे, विधायक हरदीपसिंह डंग, राज्यसभा सांसद उमेश नाथ, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, रतलाम महापौर प्रहलाद पटेल, जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, पूर्व जिला अध्यक्ष कानसिंह चौहान, भाजपा सुखेड़ा मंडल अध्यक्ष रितेश जैन आदि सम्मिलित रहेंगे। पुण्यतिथि के अवसर पर नि:शुल्क नेत्र शिविर, ह्रदय शिविर एव रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जा रहा है।

### मानवाधिकार सुरक्षा संगठन जिलाध्यक्ष राजकुमार हरण मनोनीत



**जावरा।** पत्रकार एवं समाजसेवी राजकुमार हरण को अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अशोकसिंह ने यह नियुक्ति आदेश राष्ट्रीय अध्यक्ष उमेश यादव के मार्गदर्शन एवं प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुश्री सिंधुराज तथा संभागीय मंत्री शेखर नाहर की अनुशंसा पर जारी किया। प्रदेश अध्यक्ष सिंह ने जिला कलेक्टर एवं जिला पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर निवेदन किया है कि श्री हरण को संगठन की गतिविधियों के संचालन में आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाए। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन विगत कई वर्षों से समाज के वंचित वर्गों की सहायता, न्याय की रक्षा एवं मानवाधिकारों के संरक्षण हेतु कार्यरत है। संगठन का उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति को उसके मूलभूत अधिकार एवं गरिमा के साथ जीवन जीने का अवसर उपलब्ध कराना है। श्री हरण के मनोनयन पर साथियों, सामाजिक संगठनों, शिक्षाविदों एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में जिले में संगठन की गतिविधियाँ और भी प्रभावी ढंग से आगे बढ़ेंगी। उक्त जानकारी संभागीय मंत्री शेखर नाहर ने दी।

# फुटपाथ पर सब्जी व दुकानों के बाहर सामान रख कर हो रहा व्यापार, समझाइश देकर हटवाया

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** संयुक्त दल ने शहर के बाजार क्षेत्र में पहुंचकर अभियान चलाया गया। दल को सड़कों पर सब्जी रखकर व दुकानों द्वारा फूटपाथ पर सामान रखकर व्यापार किया जाता मिला।

**रतलाम पुलिस द्वारा अभियान के अंतर्गत कार्रवाई**



इस पर समझाईश देकर सामान हटवाया गया।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा (रा.पु.से.) उप पुलिस अधीक्षक यातायात आनन्द स्वरुप सोनी के निर्देशन में अभियान चलाया जा रहा हैं। यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक निलम चौंगड़, हमराह सूबेदार अनोखीलाल परमार, प्रआर. धीरेन्द्र कुमार दीक्षित, आर. भगतसिह, आर. नरेन्द्र चोरे व पुलिस लाईन के फोर्स द्वारा संयुक्त रुप से विशेष अभीयान के तहत शहर रतलाम में यातायात को सुगम व सूचारु बनाने के लिए मंगलवार को सैलाना बस स्टेण्ड, शहर शराय, रानी जी मंदिर, गणेश देवरी, नोलाईपुरा, चोमुकीपुल, चांदनी चौक, तोपखाना, हरदेवलाला की पिपली, आबकारी चौराह, शहीद चौक तक पेदल पेट्रोलिंग कर यातायात व्यवस्था की गई।

**हो रहा था यातायात जाम**

रोड के दोनों तरफ अतिक्रमण करने की वजह से यातायात जाम हो रहा हैं। पुलिस ने बताया कि जिसमे रोड की दोनो तरफ अव्यवस्थित लगे वाहनो को लाईन के अंदर पार्क करने की, सब्जी, फ्रुट के हाथ ठैलागाडी, फुटपाथ पर सब्जी बेचने वालो व दुकानो के बाहर फुटपाथ पर रखे सामान रखने वालो को समझाईस देकर हटवाया गया। यह कार्यवाही रतलाम शहर में यातायात को सुगम, सुरक्षित व सूचारु बनाने के लिए लगातार जारी रहेगी। यातायात को सुगम, सुरक्षित व सूचारु बनाने के लिए यातायात पुलिस रतलाम का सहयोग करे।

## हत्या के अपराध में 11 वर्ष से फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी को बाजना पुलिस ने गिरफ्तार किया। घटना दिनांक 28 जुलाई 2014 को आरोपीगण शंकर पिता गोतम मुनिया निवासी धावडादेह व कोदरिया उर्फ कोमलसिह पिता फुलजी मुनिया निवासी धावडा देह द्वारा बेल को पत्थर मार कर टांग तोडने की बात को लेकर मृतक लिमजी पिता वागजी मुनिया निवासी धावडादेह के साथ गाली गलौच कर, सिर पर, बाये पेर, दाहिने कन्धे पर धारिया से मारपीट कर चोट पहुंचा कर हत्या कर दी थी। घटना के संबंध में थाना बाजना पर फरियादी खिमजी पिता वागजी मुनिया निवासी धावडादेह की रिपोर्ट पर अपराध दर्ज किया था। आरोपीगणो शंकर मुनिया व कोदरिया उर्फ कोमलसिंह के विरुध्द पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया था। प्रकरण मे आरोपी शंकर पिता गोतम मुनिया को पूर्व मे ही 1 अगस्त 2014 गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी कोदरिया उर्फ कोमलसिह घटना दिनांक से लगभग 11 वर्षो से फरार चल रहा था। प्रकरण मे फरार आरोपी की गिरफ्तारी हेतु थाना प्रभारी बाजना द्वारा सभी आवश्यक हरसंभव प्रयास किये जाने के उपरांत भी आरोपी की गिरफ्तारी नही होने एवं प्रकरण काफी अधिक समय से लंबित होने से एसपी अमित कुमार द्वारा प्रकरण की अग्रिम विवेचना हेतु नीलम बघेल अ.अ.पु. सैलाना को आदेशित किये जाने पर केस डायरी अग्रिम विवेचना हेतु दिनांक 16.07.2025 को अ.अ.पु.सैलाना को प्राप्त हुई। गठित टीम द्वारा फरार आरोपी कोदरिया उर्फ कोमलसिंह की गिरफ्तारी हेतु मुखबीर तंत्र सक्रिय कर गिरफ्तारी हेतु डेढ माह से लगातार प्रयास किये जाने उपरांत मंगलवार को मामा के गांव सेमलिया से गिरफ्तार किया।

## नेशनल लोक अदालत हेतु प्रचार-प्रसार वाहन रवाना




**रतलाम।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं नीना आशापुरे, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष के मार्गदर्शन में 13 सितंबर 2025 को जिला न्यायालय रतलाम एवं तहसील न्यायालय जावरा, सैलाना, आलोट में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

लोक अदालत में न्यायालय में लंबित समझौता योग्य सिविल एवं आपराधिक, श्रम न्यायालय, उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग, बैंकों के ऋण वसूली प्रकरण, बी.एस.एन.एल, संपत्तिकर एवं जलकर के प्री-लिटिगेशन प्रकरणों के निराकरण हेतु खण्डपीठे जिला स्तर एवं तहसील स्तर पर पृथक-पृथक गठित की जाएगी।

बुधवार को जिला न्यायालय रतलाम प्रांगण में सुश्री नीना आशापुरे, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष के कुशल नेतृत्व में कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रतलाम ए. डी. आर. से लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। प्रचार-प्रसार वाहन संपूर्ण रतलाम शहर एवं जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में लोक अदालत का प्रचार-प्रसार करेंगे। प्रचार-प्रसार वाहनों में पैरालीगल वालेंटियर्स सचिन गावड़े, सुनील जमड़ा, अफरोज मोहम्मद, प्रदीप बिडवाल की ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही शैलेन्द्र गोठवाल, नगर निगम रतलाम द्वारा स्वयं के वाहन से नगर भ्रमण कर नगर वासियों को लोक अदालत के संबंध में जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर समस्त न्यायाधीशगण, सचिव/न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रतलाम नीरज पवैया, जिला विधिक सहायता अधिकारी, पूनम तिवारी एवं अधिवक्ता संघ के नवनियुक्त अध्यक्ष राकेश शर्मा सहित अन्य कार्यकारिणी पदाधिकारी अधिवक्तागण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रतलाम के समस्त कर्मचारीगण एवं अन्य समस्त पैरालीगल वालेंटियर्स उपस्थित रहे। सभी ने ग्रुप बनाकर प्रचार-प्रसार हेतु रैली निकाली। रैली शहर के मुख्य चौराहों से होकर गुजरी और सभी के द्वारा लोक अदालत के स्लोगन की तख्ती हाथ में लेकर रैली निकाली गई।

इसके अतिरिक्त नेशनल लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु जिले के विभिन्न स्थानों पर बैनर लगवाये गए है। प्रचार वाहनों के माध्यम से प्रसारित जिंगल तथा विधिक साक्षरता शिविरों के आयोजन तथा पैरालीगल वालेंटियर के द्वारा आमजन तक पहुंच बनाकर उन्हें लोक अदालत आयोजन की व्यापक जानकारी दी जाएगी।

## अतिवृष्टि, बाढ़ एवं प्राकृतिक प्रकोप से हुई फसल क्षति सर्वेक्षण कार्य एक सप्ताह में पूर्ण करें :कलेक्टर

**रतलाम।** कलेक्टर राजेश बाथम ने जिले में अतिवृष्टि, बाढ एवं प्राकृतिक प्रकोप से हुई फसल क्षति के सर्वेक्षण का कार्य एक सप्ताह में पूर्ण करने के निर्देश समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं तहसीलदारो को दिए हैं। फसल क्षति के सर्वेक्षण हेतु राजस्व, कृषि, उद्यानिकी और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी /कर्मचारियों का दल गठन कर एक सप्ताह में सर्वेक्षण कार्य पूर्ण करवायें। सर्वेक्षण कार्य में जनप्रतिनिधियों को शामिल कर सर्वेक्षण कार्य पूर्ण पारदर्शिता के साथ किया जाये। प्रभावित किसानों को राहत राशि भी नियमानुसार वितरित किए जाने के लिए निर्देशित किया गया।

## इलाज नहीं कराने को लेकर पहले कहासुनी फिर मारपीट

**रतलाम।** जिले के आलोट थाना क्षेत्र के ग्राम थुरिया निवासी एक महिला के साथ उसके पति ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। फरियादिया ने पुलिस को बताया कि उसका ससुराल मंदसौर के ग्राम सुवासरा में है। हाल में वह मायके में रह रही है। जहां पति ने आकर उसका इलाज कराने की बात को लेकर हुई कहासुनी में उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। फरियादिया की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

## महापौर ने सफाई कर्मचारियों की मांगों का किया निराकरण

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** महापौर प्रहलाद पटेल ने नगर निगम संयुक्त सफाई कर्मचारी संघर्ष समिति-रतलाम द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर समिति पदाधिकारियों से चर्चा कर मांगो का निराकरण करते हुए सफाई संरक्षकों की हड़ताल को समाप्त किया।

**सफाई सरंक्षकों की हड़ताल को कराया खत्म**

महापौर प्रहलाद पटेल ने समिति पदाधिकारियों से चर्चा कर समस्त मैजिक ड्रायवर एवं हैल्पर को सूचना-पत्र जारी करने हेतु निर्देशित किया गया ताकि मैजिक वाहन से मृत पशु नहीं उठावें एवं मृत पशु की सूचना मिलने पर झोन प्रभारी व स्वच्छता अधिकारी को देकर निर्देशानुसार कार्य करें। जेसीबी वाहन पर मृत पशु उठाने के लिये बेल्ट रखें एवं मृत पशु को सम्मानपूर्वक डम्पर वाहन में रखा जाये।

इसके अलावा 11 सितम्बर से पुलिस प्रशासन के सहयोग से मवेशियों के तबेले हटाने की कार्यवाही, 15 दिवस में श्वानां का अनिवार्य रूप से रजिस्ट्रेशन करवायें साथ ही झोन प्रभारी व वार्ड प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में श्वान पालकों की सूची बनाकर नोटिस दें कि उनके द्वारा अपने श्वान को रेबिज का टीका लगवाया गया है कि नहीं।

वर्तमान में अगर निगम कर्मचारियों पर एफआईआर दर्ज की गई हो तो उनका प्रकरण निगम अभिभाषक के माध्यम से कोर्ट में लड़ा जाये।

साथ ही 30 दिवसीय सफाई संरक्षकों को 29 दिवस का वेतन भुगतान होता है इस हेतु उन्हे 89 दिवस की स्वीकृति हेतु प्रकरण मेयर इन काउंसिल में रखा जायेगा।

इस अवसर पर कमल भाटी, राम कल्याणें, संजय पैमाल, विजय खरे, कमल शिन्दे, अशोक हाड़े, यशवंत फतरोड आदि उपथित थे।

## नमो युवा रन को ऐतिहासिक बनाए :जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय

**रतलाम।** रतलाम के युवाओं में ऊर्जा और सामर्थ्य है, जो इस मैराथन को ऐतिहासिक बनाएंगे। 21 सितम्बर 2025 को पूरे देश में 75 स्थानों पर एवं प्रदेश के 6 प्रमुख

**भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला बैठक संपन्न**



स्थानों पर नमो युवा रन मैराथन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें रतलाम का चयन विशेष महत्व के साथ किया गया है यह हमारे लिए गौरव की बात है। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने भारतीय जनता युवा मोर्चा की सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम नमो युवा रन को लेकर जिला बैठक मे कही। पूर्व मंचासीन अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, भाजपा जिला प्रभारी प्रदीप पांडे, भाजपा जिला महामंत्री निर्मल कटारिया, युवा मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं रतलाम मैराथन प्रभारी जयंतराव गरुड़, खेल प्रकोष्ठ जिला संयोजक अनुज शर्मा, अनुकूल सोनी, राहुल उपमन्यु, रविंद्र पाटीदार, गौरव मूणत द्वारा भारत माता, डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी, प दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण किया गया। जिला प्रभारी प्रदीप पांडे ने कहा कि यह आयोजन केवल दौड़ नहीं, बल्कि नशा मुक्त भारत के संकल्प की ओर बढ़ता एक आंदोलन है। जिला महामंत्री निर्मल कटारिया, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विप्लव जैन ने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि रतलाम इस आयोजन में प्रदेशभर में मिसाल कायम करे। कार्यक्रम का संचालन राहुल उपमन्यु ने स्वागत भाषण विप्लव जैन द्वारा तथा आभार कार्यक्रम समन्वयक गौरव मूणत ने किया।

**यह रहे मौजूद**

कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी सिद्धार्थ कटारिया, जलज सांखला, संजय पांचाल, संजय जाट, राहुल जादव, सत्यजीत सिंह राजावत, प्रतीक विजयवर्गीय, जयेश जाजोरिया, राहुल रांका, आयुष पडियार, देवेंद्र भारद्वाज, पुष्पराज सिंह, सौरभ हिंगड़, मुकेश देवड़ा, अंकित राठौर सहित कई कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## 167 हितग्राहियों को सहायता राशि अंतरित की

**रतलाम।** मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना अंतर्गत बुधवार को मुख्यमंत्री प्रतिकक्ष, मंत्रालय, भोपाल से सिंगल क्लिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के 167 हितग्राहियों को कुल 3,61,00,000/- करोड़ की अनुग्रह सहायता राशि का अंतरण मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के द्वारा किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन एन.आई.सी. कक्ष कलेक्टोरेट, रतलाम में किया गया जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लालाबाई शंभूलाल चंद्रवंशी, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती साधना बद्रीलाल जयसवाल, अपर कलेक्टर डॉ. शालिनी श्रीवास्तव, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी निर्देशक शर्मा, डिप्टी कमिश्नर करूणेश दण्डोतियां, सहायक श्रम पदाधिकारी सुधीश कमल तथा लाभान्वित होने वाले हितग्राही उपस्थित थे।



## छलांग 2 .0 में स्पर्धाओं में दिखाया विद्यार्थियों ने हुनर

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** जावरा पब्लिक स्कूल में इंटरस्कूल बास्केटबॉल व रस्साकशी (टग ऑफ वार) स्पर्धा का भव्य आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में स्कूल की विभिन्न हाउस/टीमों ने भाग लिया और खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल भावना का प्रदर्शन किया। सभी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल और बेहतर प्रदर्शन करने का संकल्प व प्रण लिया। बास्केटबॉल प्रारंभ प्राचार्य पीयूष मूणत ने गेंद को उछाल कर किया। फाइनल मैच का मुकाबला अत्यंत रोमांचक रहा, जिसमें टीम जेपीएस टाइटन्स सभी टीम को कड़े संघर्ष के बाद हराकर विजयी स्थान प्राप्त किया। खिलाड़ियों ने बेहतरीन पासिंग, डिफेंस और टीमवर्क का परिचय दिया। विद्यार्थी दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और अपने अपने हाउस के लिए उत्साहवर्धन किया। रस्साकशी में विजेता अथर्ववेद हाउस रहा एवं उप-विजेता ऋग्वेद व यजुर्वेद हाउस रहे। मुख्य अतिथि कमल मूणत ने विजेता टीम को तथा उपविजेता टीम को बधाईयाँ दी। अपने शब्दों मे कहा कि खेल जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है, यह हमें अनुशासन, धैर्य, लीडरशिप और आपसी सहयोग का पाठ सिखाते हैं। इस अवसर पर प्राचार्य ने ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि खेल सिर्फ जीतने या हारने का नाम नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा मंच है जो हमें आत्मविश्वास, परिश्रम और खेल भावना सिखाता है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में खेल शिक्षको का विशेष योगदान रहा।

**विरोध** तहसीलदार के आश्वासन के बाद माने ग्रामीण

## सही सर्व नहीं होने से नाराज ग्रामीणों ने पटवारी कार्यालय का किया घेराव



**6 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा**

किसानों ने तहसीलदार से कहा की पटवारी क्षेत्र में मात्र 50 प्रतिशत फसल नुकसानी ही बता रहा हैं। जिस पर तहसीलदार ने पुन: सुचारु सर्वे करवाने का आश्वासन दिया तो ग्रामीणों का गुस्सा शांत हुआ। फिर ग्रामीणों ने तहसीलदार दानगढ़ को पुन: जिलाधीश के नाम 6 सूत्रीय मांग पत्र दिया दिया।

**नवभारत न्यूज़**

**जावरा।** ग्राम पंचेवा के किसानों द्वारा अतिवृष्टि ओर बाढ़ के कारण हुए फसल नुकसान के के बाद पटवारी द्वारा सही सर्व नहीं करने से नाराज ग्रामीणों ने पटवारी कार्यालय का घेराव किया। बुधवार को किसानों द्वारा जब पटवारी को पूछा गया कि कितना प्रतिशत नुकसान बताया तो पटवारी द्वारा मौखिक रूप से बताया गया कि मैने रिपोर्ट में 50 प्रतिशत नुकसान बताया है। इस बात पर आक्रोशित होकर किसान नेता आशीष शर्मा के साथ अरुण सांखला जानकीलाल मोहनिया, दिलीप आंजना ने नाराजगी जाहिर करते हुए सड़क पर चक्का जाम कर दिया और पटवारी से तहसीलदार को बुलाने की बात की। लगभग 1 घंटे बाद पिपलोदा तहसीलदार देवेंद्र दानगढ़ पुलिस अधिकारियों के साथ मोके पर पहुंचे। किसानों ने तहसीलदार से कहा की पटवारी क्षेत्र में मात्र 50 प्रतिशत फसल नुकसानी ही बता रहा हैं। जिस पर तहसीलदार ने पुन: सुचारु सर्वे करवाने का आश्वासन दिया तो ग्रामीणों का गुस्सा शांत हुआ।

फिर ग्रामीणों ने तहसीलदार दानगढ़ को पुन: जिलाधीश के नाम 6 सूत्रीय मांग पत्र दिया दिया। जिस पर तहसीलदार ने जल्द से जल्द निराकरण करवाने की बात कही। मौके पर मनोहर शर्मा, मांगीलाल पाटीदार, कालुसिंह राठौर, बद्रीलाल पाटीदार सहित सेकड़ों ग्रामीणजन उपस्थित रहे।